कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/

क्रमांक / व्यापम / परीक्षा एफ–20 / 2024 2036 रायपुर, दिनांक 18/09/24

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) 2024 (Paper-II) के अंतिम उत्तर एवं परीक्षा परिणाम जारी करने के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक, राज्य शैक्षिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव के आधार पर **TET-2024** (Paper-II उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन हेतु) का आयोजन दिनांक **23-06-2024** को अपरान्ह 2:00 ये 4:45 बजे के मध्य सभी 33 जिलों में किया गया था। परीक्षा केन्द्र क्र. 1520– महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, जिला धमतरी में द्वितीय पाली में कुल 400 आबंटित परीक्षार्थियों में से 288 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा केन्द्र में उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) विलंब से प्राप्त होने के सम्बंध में कतिपय परीक्षार्थियों से लिखित अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। अभ्यावेदन पर जिला कलेक्टर, धमतरी से तथ्यात्मक प्रतिवेदन व्यापम द्वारा मंगाया गया। कलेक्टर, धमतरी से प्राप्त प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया कि सम्बंधित केन्द्र पर 1:30 घंटे विलंब से अपरान्ह 3:30 पर उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) वितरित की गई थी।

अतः परीक्षार्थियों के हित में व्यापम द्वारा पुनः परीक्षा हेतु "विकल्प" देने का निर्णय लिया गया। परीक्षा केन्द्र क्र.1520– महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, जिला धमतरी में दिनांक 23.06.2024 को द्वितीय पाली (अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक) में उपस्थित **288 परीक्षार्थियों हेतु दिनांक 20-07-2024 को अपरान्ह 2:00 से 4:45** बजे तक छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन हेतु) **TET 2024** पुनः इसी केन्द्र पर आयोजित की गई।

उपरोक्त पात्रता परीक्षाओं के मॉडल उत्तर व्यापम की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये थे एवं दावा/आपत्ति आमंत्रित की गई थी। तिथि का वर्णन निम्नानुसार है–

परीक्षा का नाम	मॉडल ऑसर जारी करने की तिथि	दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि
छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा– (TET) 2024 द्वितीय पाली – (23.06.2024) (छः से आठ तक की कक्षाओं में अध्यापन हेतु)	**08-08-2024**	**16-08-2024**
द्वितीय पाली – (20.07.2024) (छः से आठ तक की कक्षाओं में अध्यापन हेतु)	**08-08-2024**	**16-08-2024**

प्राप्त दावा–आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। तदुपरांत दोनों परीक्षाओं का अंतिम उत्तर के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार कर दिनांक 18-09-2024 को व्यापम की वेबसाइट पर अंतिम उत्तर व परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों को पात्र (Eligible) अथवा अपात्र (Not Eligible) दर्शाया गया है ।

अभ्यर्थी संपूर्ण परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/ एवं https://vyapam.cgstate.gov.in/result/result.html पर स्वयं का परीक्षा परिणाम प्रोफाइल में लॉगिन कर देख सकते हैं।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

क्रमशः

01